# राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
बिहार लोक भवन, पटना–800022

## प्रेस–विज्ञप्ति

*संख्या–**162/2026***

## राज्य विश्वविद्यालयों के युवा शिक्षकों के लिए छः दिवसीय रिसर्च मेथडोलॉजी ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजित होगा

**पटना 20 अगस्त, 2026 :–** बिहार के कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद् (आईसीएसएसआर) की विभिन्न योजनाओं और आर्थिक सहायता के संबंध में बिहार लोक भवन में एक बैठक आयोजित की गई।

बैठक में आईसीएसएसआर के सदस्य सचिव प्रो० (डॉ०) धनंजय सिंह ने छात्रों, शोधार्थियों और शिक्षकों के लिए उपलब्ध रिसर्च ग्रांट, ट्रेनिंग प्रोग्राम और अन्य अवसरों की जानकारी देते हुए कहा कि उन्हें इन योजनाओं का अधिकाधिक लाभ उठाना चाहिए।

राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह ने आईसीएसएसआर के इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे बिहार में गुणवत्तापूर्ण शोध को बढ़ावा देने और बेहतर शोध का वातावरण तैयार करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि इसके लिए विश्वविद्यालयों, कॉलेजों और संबंधित संस्थाओं के बीच बेहतर तालमेल जरूरी है।

उन्होंने बताया कि बिहार में रिसर्च को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालयों के युवा शिक्षकों के लिए 12 से 17 सितंबर, 2026 तक छः दिवसीय रिसर्च मेथडोलॉजी ट्रेनिंग वर्कशॉप आयोजित की जाएगी। इस कार्यशाला को आईसीएसएसआर, उच्च शिक्षा विभाग और आईसीएसएसआर से मान्यता प्राप्त इंस्टीट्यूट फॉर ह्यूमन डेवलपमेंट (आईएचडी) मिलकर आयोजित करेंगे।

बैठक में प्रो० धनंजय सिंह ने आईसीएसएसआर की प्रमुख योजनाओं की जानकारी देते हुए सीएजी–आईसीएसएसआर रिसर्च आर्टिकल राइटिंग प्रतियोगिता का उल्लेख किया जिसमें राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर लगभग 1 करोड़ रूपये की कुल पुरस्कार राशि है।

उन्होंने आईसीएसएसआर युवा शोध प्रतिभा योजना 2026–27 की भी जानकारी दी। 'युवा और उपनिवेश–मुक्ति' विषय पर आधारित इस योजना में राष्ट्रीय शिक्षा नीति– 2020 के तहत चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम के चौथे वर्ष के छात्रों की टीम बनाकर, विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में रिसर्च प्रोजेक्ट करने का अवसर मिलेगा। प्रत्येक प्रोजेक्ट के लिए 3 लाख रूपये तक की आर्थिक मदद दी जाएगी। इसका उद्देश्य भारतीय ज्ञान परंपराओं और स्वदेशी ज्ञान को रिसर्च से जोड़ना है।

आगे पृष्ठ 2 पर.......

बैठक में स्नातक, स्नातकोत्तर, पीएच०डी० और पोस्ट–डॉक्टोरल शोधार्थियों के लिए रिसर्च मेथडोलॉजी कोर्स तथा युवा शिक्षकों के लिए कैपेसिटी बिल्डिंग प्रोग्राम पर भी चर्चा हुई। इन कार्यक्रमों का उद्देश्य रिसर्च के तरीके, अकादमिक लेखन, रिसर्च एथिक्स और भारतीय दृष्टिकोण से सामाजिक विज्ञान में शोध को मजबूत करना है।

प्रो० (डॉ०) धनंजय सिंह ने बिहार से आने वाले अच्छे रिसर्च प्रस्तावों को आईसीएसएसआर की ओर से पूरा आर्थिक और संस्थागत सहयोग देने का भरोसा दिलाया। उन्होंने बिहार के शिक्षकों और शोधार्थियों से आगे आकर इन अवसरों का लाभ उठाने और भारतीय दृष्टिकोण से सामाजिक विज्ञान में नए और उपयोगी शोध को बढ़ावा देने की अपील की।

राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव श्री दीपक कुमार सिंह ने की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में उच्च शिक्षा विभाग के सचिव श्री राजीव रौशन एवं आईएचडी के निदेशक प्रो० अलख एन० शर्मा सहित अन्य पदाधिकारीगण एवं और शिक्षाविद उपस्थित थे।

..........................................